झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

**30 May 2023**

Follow us on



**RN Sir**
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK
JSSC | DEFENCE - ARMY
CAPF | POLICE | Other Competitive Exam


Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com


Daily Current Affairs Booster


Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 30 मई का इतिहास

- **1919 :** रवींद्रनाथ टैगोर ने जालियावाला बांग नरसंहार के विरोध में सर की उपाधि वापस की।
- **1987 :** गोवा देश का 25वां पूर्ण राज्य बना।
- **1867 :** उत्तर प्रदेश के देवबंद में दार-उल-उलूम की स्थापना हुई।
- **1975 :** यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी का गठन हुआ।
- **1826 :** उदन्त मार्तण्ड पहली हिंदी समाचार पत्र की शुरूआत हुई इसलिए 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस भी मनाया जाता है।

## 30 मई से संबंधित करेंट अफेयर्स

- आयरलैंड मादक पेय पदार्थो के लिए अनिवार्य स्वास्थ्य लेबलिंग शुरू करेगा, जिसमें कैंसर, यकृत रोग और गर्भावस्था के दौरान पीने के जोखिम के बारे में चेतावनियां होगी। स्वास्थ्य मंत्री स्टीफन डोनेली ने नए नियम पर हस्ताक्षर किए हैं, जो तीन साल में प्रभावी होगा। हालांकि लेबल मई 2026 तक अनिवार्य नही होंगे। यह उपभोक्ताओं को कैलोरी और अल्कोहल की मात्रा के बारे में भी सचेत करेगा।
- लंदन में एक समारोह में 2023 के अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार विजेता की घोषणा की गई। बुल्गारियाई लेखक जॉर्जी गोस्पोडिनोब ने अपने उपन्यास टाइम शेल्टर के लिए यह पुरस्कार जीता हैं। इसके साथ ही टाइम शेल्टर यह पुरस्कार जीतने वाला मूल रूप से बुल्गारियाई में प्रकाशित पहला उपन्यास बन गया हैं। एंजेला रोडेल ने इस उपन्यास का अंग्रेजी में अनुवाद किया हैं।
- मुख्यमंत्री माणिक साहा ने घोषणा की कि सौरव गांगुली को त्रिपुरा पर्यटन का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया हैं। अभियानों में गांगुली की भागीदारी से राज्य के पर्यटन क्षेत्र को गति मिलेगी। गुच्ची ने भारतीय अभिनेत्री, आलिया भट्ट को अपना पहला भारतीय वैश्विक ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है।
- टाइगर शार्क 40 संयुक्त बांग्लादेश अमेरिका नौसेना ड्रिल अभ्यास चट्टोग्राम के बीएनएस निर्विक में शुरू हुआ। अभ्यास का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों की रणनीतिक क्षमताओं को बढ़ाना और तकनीकी और प्रक्रियात्मक ज्ञान के पारस्परिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है। बांग्लादेश इंटर सर्विसेज प्रेस रिलेशंस की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार यह अभ्यास दोनो देशों के सशस्त्र बलों के बीच मौजूदा सकारात्मक संबंधों को मजबूत करना चाहता हैं।
- भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मजबूत होते संबंधों को उजागर करते हुए एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में दोनों देशों ने प्रवासन ओर गतिशीलता साझेदारी के साथ-साथ ग्रीन हाइड्रोजन टास्क फोर्स की स्थापना पर महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। सिडनी में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके ऑस्ट्रेलिया समकक्ष एंथनी अल्बानीस के बीच द्विपक्षीय बैठक के बाद समझौता ज्ञापन का आदान प्रदान किया गया।
- असम ओर मेघालय की क्षेत्रीय समितियां छह विवादित क्षेत्रों का दौरा करेगी और जुलाई के अंत तक अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। इसके बाद मुख्यमंत्री स्तर की समीक्षा बैठक होगी। बैठक के बाद असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा जून में दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री कार्बी आंगलोंग का दौरा करेंगे।
- भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने फोरम शॉपिंग प्रथा की निंदा करते हुए कहा कि वह इसकी अनुमति नही देंगे। भारत के मुख्य न्यायाधीश ने यह टिप्पणी एक याचिकाकर्ता द्वारा सुनवाई की मांग करने पर की। जिसमें उसने मुख्य न्यायाधीश के समक्ष उसी मामले का उल्लेख किया जिसका उल्लेख उसने एक दिन पहले ही सर्वोच्च न्यायालय के किसी अन्य न्यायाधीश के समक्ष भी किया था। यह प्रथा अनुकूल परिणाम प्राप्त करने की आशा में एक कानूनी मामले हेतु जान-बूझकर एक विशेष अदालत का चयन करने के अभ्यास को संदर्भित करती हैं।
- पर्यावरण मंत्रालय ने ताल छापर अभयारण्य को इको-सेंसिटिव जोन के रूप में नामित करने का प्रस्ताव दिया। ताल छापर वन्यजीव अभयारण्य की समृद्ध जैव विविधता को संरक्षित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। ताल छापर राजस्थान के चुरू जिले में स्थित है। यह 7.1977 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है।
- सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भारतीय उद्योग परिसंघ के वार्षिक सत्र को संबोधित किया। उन्होंने भविष्य के ईंधन के रूप में हाइड्रोजन के महत्व पर जोर दिया। यह विभिन्न उद्योगों में क्रांति ला सकता हैं। उन्होंने उद्योग जगत से मिशन हाइड्रोजन को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने रसायन, इस्पात ओर फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में इसकी क्षमता पर प्रकाश डाला।
- ग्रुप ऑफ ट्वेंटी की भारत की अध्यक्षता का अत्यधिक महत्व हैं क्योंकि यह वैश्विक आर्थिक नीतियों को आकार देने और महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों का सामना करने में एक केंद्रीय भूमिका निभाता हैं। दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ लाने वाले एक मंच के रूप में जी 20 भारत के लिए वैश्विक चर्चाओं का नेतृत्व करने और प्रभावशाली परिवर्तन चलाने के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान करता हैं।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स



**1. संयुक्त राष्ट्र कब से कब तक गैर स्वशासी क्षेत्रों के लोगों के साथ एकजुटता का अंतर्राष्ट्रीय सप्ताह मना रहा है ?**

(A) 25 से 30 मई (B) 25 से 31 मई
(C) 26 से 31 मई (D) 27 से 1 जून

**(B)** संयुक्त राष्ट्र 25 से 31 मई 2023 तक गैर स्वशासी क्षेत्रों के लोगों के साथ एकजुटता का अंतर्राष्ट्रीय सप्ताह मना रहा हैं। 6 दिसंबर 1999 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने गैर-स्वशासी क्षेत्रों के लोगों के साथ एकजुटता सप्ताह के वार्षिक पालन का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र चार्टर में एक गैर स्वशासी क्षेत्र को एक ऐसे क्षेत्र के रूप में परिभाषित किया गया है कि जिसके लोगों ने अभी तक स्वशासन का पूर्ण माप प्राप्त नही किया है।




**2. विश्व मल्टिपल स्क्लेरोसिस दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 30 मई (B) 31 मई
(C) 1 जून (D) 2 जून

**(A)** विश्व में 30 मई को मल्टिपल स्क्लेरोसिस दिवस मनाया जाता हैं। इस बीमारी को लेकर जागरूकता इसलिए जरूरी है कि क्योंकि आमतौर पर पीड़ित अपनी समस्याओं को समझ नही पाते हैं और इलाज में देरी की वजह से आजीवन आंखों की रोशनी ख्ले जाना, लकवा जैसे शारीरिक अपंगता के शिकार हो जाते हैं, जिसे फिर इलाज से भी स्वस्थ कर पाना कठिन है।




**3. हाल ही में गोवा ने पर्यटन सहयोग बढ़ाने के लिए किस राज्य सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ?**

(A) छत्तीसगढ़ (B) मध्यप्रदेश
(C) झारखंड (D) उत्तराखंड

**(D)** गोवा सरकार और उत्तराखंड सरकार ने पर्यटन परिदृश्य को बढ़ाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। श्री रोहन खौंटे ओर श्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। समझौता ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य यात्रा और पर्यटन क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देना है। यह पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए आसान यात्रा का भी समर्थन करेगा।



**4. हाल ही में आईपीएल के एक सीजन में 700 रन बनाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी कौन बने है ?**

(A) रिंकू सिंह (B) शुभमन गिल
(C) ईशान किशन (D) हार्दिक पांड्या

**(B)** हाल ही में आईपीएल के एक सीजन में 700 रन बनाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी शुभमन गिल बन गए हैं। शुभमलन गिल ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ धीमी गति से रन जुटाए। उन्होंने 38 गेंदो में 3 चौकों और 1 छक्के की मदद से 42 रन बनाए। गिल भले ही 19वां अर्धशतक लगाने में कामयाब नही हुए लेकिन उन्होंने अपनी पारी के दौरान एक बड़ा इतिहास रच दिया।




**5. भारत ने दूरस्थ क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा आरसीएस-उड़ान का कौनसा संस्करण लॉन्च किया ?**

(A) 5.0 (B) 5.1
(C) 5.9 (D) 6.1

**(B)** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने देश के दूरस्थ क्षेत्रों में कनेक्टिविटी को और बढ़ाने और हेलीकॉप्टरों के माध्यम से अंतिम मील कनेक्टिविटी प्राप्त करने के लिए उड़ान 5.1 लॉन्च किया हैं। आरसीएस उड़ान के तहत पहली बार इस दौर को विशेष रूप से हेलीकॉप्टर मार्गो के लिए तैयार किया गया है।

**6. हाल ही में डिजिटल इंडिया संवाद कहां आयोजित किया गया है ?**

(A) मुंबई (B) बेंगलुरू

(C) नई दिल्ली (D) चेन्नई

**(A)** हाल ही में केंद्रीय कोशल विकास एवं उद्यमिता और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री श्री राजीव चंद्रशेखर मुंबई में डिजिटल इंडिया अधिनियम पर डिजिटल इंडिया संवाद सत्र आयोजित किया। इस सत्र में प्रौद्योगिकी परिवेश के विभिन्न हितधारक भाग लिये जिनमें उद्योग के पेशेवर/संगठन, स्टार्टअप, कानून के जानकार आदि शामिल है।

**7. GAINS 2023 किस मंत्रालय/संस्था की पहल है ?**

(A) कारपोरेट कार्य मंत्रालय

(B) वाणिज्य ओर उद्योग मंत्रालय

(C) युवा मामले ओर खेल मंत्रालय

(D) गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड

**(C)** हाल ही में गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड ने कोलकाता में गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स त्वरित नवाचार पोषण योजना 2023 या जीएआईएनएस 2023 लॉन्च की। जीएआईएनएस 2023 नए और उभरते इनोवेटर्स, इंजीनियरों और डिजाइनरों को शिपयार्ड के मुख्य व्यावसायिक हितों और इसकी स्थापित प्रथाओं को समझने का अवसर प्राप्त करने के लिये डिजाइन किया गया है।

**8. एक्सरसाइज टाइगर शार्क 40 किससे संबंधित है ?**

(A) भारत बांग्लादेश नौसेना अभ्यास

(B) बांग्लादेश अमेरिकी नौसेना अभ्यास

(C) भारत अमेरिका सैन्य अभ्यास

(D) श्रीलंका बांग्लादेश नौसेना अभ्यास

**(B)** हाल ही में बांग्लादेश के चटोग्राम में बीएनएस निर्बिक पर संयुक्त बांग्लादेश-अमेरिकी नौसेना अभ्यास टाइगर शार्क 40 का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों की रणनीतिक क्षमताओं को बढ़ाने के साथ पारस्परिक तकनीकी ओर प्रक्रियात्मक ज्ञान प्राप्त करना हैं। यह अभ्यास दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच संबंधों को बेहतर बनाने के लिये किया गया।



BANGLADESH-US JOINT NAVAL EXERCISE HELD IN CHATTOGRAM

**9. निम्नलिखित में से किस हड़प्पा स्थल पर शैल चूड़ियां मिली हैं ?**

(A) खटिया (B) राखीगढ़ी

(C) सनौली (D) धोलावीरा

**(A)** हाल ही में शोधकर्ताओं ने स्थापित किया कि गुजरात के कच्छ में स्थित खटिया गांव में मौजूद कब्रिस्तान लगभग 5,000 साल पुराना है और यह हड़प्पा सभ्यता के पूर्व शहरी चरण से संबंधित हैं। खटिया गांव में यह कब्रिस्तान 16 हेक्टेयर में फैला हुआ हैं और इसे सबसे बड़ा पूर्व शहरी हड़प्पाई कब्रिस्तान माना जाता हैं।



**10. बारा लाचा ला दर्रा भारत के किस राज्य में स्थित है ?**

(A) सिक्किम (B) उत्तराखंड

(C) हिमाचल प्रदेश (D) अरूणाचल प्रदेश

**(C)** हाल ही में बारा लाचा ला में बर्फबारी के कारण फंसे 100 से अधिक लोगों को सीमा सड़क संगठन द्वारा एक अभियान के बाद बचाया गया। बारा लाचा ला हिमाचल प्रदेश में लेह मनाली राजमार्ग के साथ स्थित एक उच्च पहाड़ी दर्रा हैं। यह लद्दाख में लेह और हिमालच प्रदेश के लाहौल जिले को जोड़ता है।

